कार्यालय : जिला कार्यक्रम अधिकारी, भदोही ।

पत्रांक 2483 / जि0का0अधि0 / विज्ञप्ति / 2023–24, दिनांक 15 मार्च 2024

विज्ञप्ति

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शासनादेश संख्या–19 / 2023 / 3975 / 58–1–2022–2 / 1(22)10टी.सी. दिनांक 21 मार्च 2023 में वर्णित व्यवस्थानुसार जनपद भदोही के ग्रामीण परिक्षेत्रों में संचालित बाल विकास परियोजना में आंगनवाड़ी कार्यकत्री के मानदेय पर आधारित रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु सीधी भर्ती प्रक्रिया के तहत विभागीय वेब साइट https://upanganwadibharti.in पर ऑनलाइन आवेदन पत्र आंमत्रित किये जाते हैं। रिक्त पदों का परियोजनावार विवरण निम्नवत् है:–

क्र0सं0	परियोजना का नाम	ग्रामीण / शहरी	आंगनवाड़ी कार्यकत्री के रिक्त पदों की संख्या
1	औराई	ग्रामीण	16
2	अभोली	ग्रामीण	12
3	डीघ	ग्रामीण	19
4	ज्ञानपुर	ग्रामीण	26
5	भदोही	ग्रामीण	51
6	सुरियावॉ	ग्रामीण	11
योग			135

उपरोक्त पदों का ग्रामसभा विवरण एवं आरक्षण सहित अर्हता का पूर्ण विवरण जनपद के कलेक्ट्रेट, विकास भवन, तहसील एवं विकास खण्ड इत्यादि कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की गई है साथ ही विभागीय वेबसाईट https://upanganwadibharti.in पर अपलोड है।

विज्ञापित पदों की अर्हता एवं आवेदन पत्र भरने हेतु विशेष निर्देश :–

1. विज्ञापित पदों हेतु केवल महिला अभ्यर्थी ही पात्र होंगीं।
2. रिक्त पदों (आंगनवाड़ी कार्यकत्री) हेतु न्यूनतम शैक्षिक योग्यता इण्टरमीडिएट एवं उसके समकक्ष होगी।
3. आवेदिका को रिक्त पद के ग्रामसभा का स्थाई निवासी एवं ग्रामसभा में उक्त श्रेणी में पात्र अभ्यर्थी उपलब्ध न होने की स्थिति में संबंधित न्याय पंचायत की स्थाई निवासी होना अनिवार्य है।
4. आवेदिका की आयु कट ऑफ तिथि 01.01.2024 को न्यूनतम 18 वर्ष एवं 35 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।
5. विज्ञापित पदों हेतु केवल विभागीय वेब साइट https://upanganwadibharti.in पर ऑनलाइन आवेदन पर फार्म निर्धारित समयावधि के अन्दर ही स्वीकार होगें। ऑफलाईन पत्र किसी भी दशा में मान्य / स्वीकार नहीं किये जायेगें।
6. विज्ञापित पदों हेतु ऑनलाइन आवेदन करने की अन्तिम तिथि 05.04.2024 मध्य रात्रि 12:00 बजे तक होगी।
7. उपरोक्त विज्ञापित पदों की आर्हता एवं आवेदन करने की प्रक्रिया सहित विस्तृत प्रपत्र एवं सूचना विभागीय वेब साइट https://upanganwadibharti.in पर उपलब्ध है साथ ही अधिक जानकारी हेतु विकास खण्ड के बाल विकास परियोजना कार्यालय अथवा विकास भवन में जिला कार्यक्रम अधिकारी (बाल विकास विभाग) कार्यालय से कार्यालय दिवस में निर्धारित समयानुसार जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

भवदीया

(मन्जू वर्मा)
जिला कार्यक्रम अधिकारी
भदोही।